जेएसपीएल फाउंडेशन के उड़ान प्रोजेक्ट से मिलेगा युवाओं को निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण

उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने किरोड़ीमलनगर में कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का किया लोकार्पण

रायगढ़। सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में युवाओं, खासकर ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर शिक्षा को सुलभ बनाने जेएसपीएल फाउंडेशन ने उड़ान प्रोजेक्ट शुरू किया है। किरोड़ीमलनगर में कंप्यूटर लैब की स्थापना के साथ इस प्रोजेक्ट की शुरूआत हुई है। लैब का लोकार्पण उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने किया। परियोजना को लेकर क्षेत्र के युवा खासे उत्साहित हैं और पहले ही बैच में 50 विद्यार्थियों ने यहां प्रशिक्षण लेना शुरू कर दिया है।

वर्तमान दौर में ज्यादातर क्षेत्रों में अपना करियर बनाने के लिए कंप्यूटर का ज्ञान आवश्यक है। संसाधनों के अभाव में कुछ विद्यार्थी, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के युवा इस आवश्यक ज्ञान से दूर रह जाते हैं। इसके निदान के लिए जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड की सामाजिक उत्तरदायित्व इकाई जेएसपीएल फाउंडेशन ने उड़ान परियोजना शुरू की है। परियोजना के तहत कंपनी के गोदग्रामों के विद्यार्थियों के लिए किरोड़ीमलनगर में निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र शुरू किया गया है। इसका लोकार्पण प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने



7 मार्च को जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर के अध्यक्ष हरिकिशोर चंद्रा, उपाध्यक्ष मनीष शर्मा की मौजूदगी में किया। लोकार्पण करते हुए उन्होंने प्रशिक्षण केंद्र और इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को होने वाले लाभ के बारे में जानकारी ली। जेएसपीएल के वाइस प्रेसिडेंट संजीव चैहान ने उन्हें परियोजना का विवरण देते हुए बताया कि इसके तहत छह महीने का कोर्स कंटेंट तैयार किया गया है। इन छह महीनों में प्रत्येक युवा को माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, पेजमेकर, कोरल-ड्रॉ, टैली, बेसिक इंटरनेट आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए नगर पंचायत के एक पुराने भवन का जीर्णोद्धार कर उसे कंप्यूटर लैब के रूप में जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा तैयार किया गया है। यहां 10 कंप्यूटर सेट उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही एक प्रशिक्षक एवं एक सहायक की भी नियुक्ति की गई है। युवाओं को 3 बैच में पूरी तरह निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। हर बैच में दो-दो घंटे की ट्रेनिंग होगी। इसमें से एक घंटे थ्योरी और एक घंटे प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी जाएगी। अब तक 50 विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण के लिए अपना पंजीयन करा लिया है। श्री पटेल ने प्रशिक्षण केंद्र में उपस्थित विद्यार्थियों से भी इस बारे में चर्चा की।

उच्च शिक्षा मंत्री ने जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा शुरू की गई इस परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि इस पहल से अंचल के युवाओं को निश्चित तौर पर लाभ मिलेगा। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं का आह्वान किया कि इस सुविधा का अधिक से अधिक संख्या में लाभ लेकर अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं। उन्होंने उम्मीद जताई कि जेएसपीएल फाउंडेशन आगे भी इसी तरह अंचल के विकास में अपना योगदान निरंतर जारी रखेगा। इस दौरान नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर के सीएमओ रामायण पांडेय, महेश शर्मा, नगर पंचायत के पार्षदगण, सुनील शर्मा, घनश्याम पटेल, लक्ष्मीनारायण पटेल, जेएसपीएल सीएसआर विभाग के डीजीएम शिशिर तरफदार, मैनेजर जितेंद्रपाल सिंह घई सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।